# <u>महत्वपूर्ण सूचना</u>

दिनाँक 2025

**<u>सभी छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन से पहले</u> OTR (One Time Registration) <u>अनिवार्य है।</u>**

**(https://scholarship.up.gov.in./Popup.aspx)**

**<u>समस्त छात्र/छात्राएं जिन्होंने अभी तक अपने बैंक खाते में आधार सीडिंग नहीं कराया है, तत्काल अपने संचालित बैंक खाते में आधार सीडिंग करा लें।</u>**

बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के सभी वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि अनुसूचित जाति के जिन छात्र/छात्राओं के अभिभावको की आय 2,50,000/– रूपये प्रतिवर्ष या इससे कम है तथा सामान्य जाति, पिछडी जाति व अल्पसंख्यक जाति के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों की आय 2,00,000/–रूपये या इससे कम हैं वे अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** से **Online Form** भरकर नियमानुसार सभी दस्तावेजो को <u>स्वप्रमाणित</u> कर शिक्षण संस्थान में जमा करायेगें।

- बी0फार्मा/एम0फार्मा पाठयक्रमो के सामान्य जाति व अनुसूचित जाति के वे छात्र/छात्रायें जिनका प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त प्रवेश परिक्षा **(CUET)** अर्थात काउंसलिंग के माध्यम से हुआ हो तथा सामान्य जाति के वे छात्र जिनके कक्षा 12 में अंक 60 प्रतिशत या उससे अधिक हो।
- बी0फार्मा/एम0फार्मा पाठयक्रमो के पिछडी जाति व अल्पसंख्यक जाति के जिन छात्र/छात्राओं का प्रवेश **AKTU** से सीधे हुआ है अर्थात बिना काउंसलिंग के हुआ है। जिनके कक्षा 12 में अंक 60 प्रतिशत या उससे अधिक है वे छात्र/छात्राएं अपना छात्रवृत्ति फार्म भर सकते है।
- डी0फार्मा पाठयक्रम के सामान्य, पिछ़डा व अल्पसंख्यक जाति के छात्र/छात्रायें जिनके कक्षा 12 में अंक 60 प्रतिशत या उससे अधिक है तथा अनुसूचित जाति के सभी अपना छात्रवृत्ति फार्म भर सकते है।

सभी छात्र/छात्राओं का **Online** छात्रवृत्ति **Form** में अपना **MOBILE NUMBER** आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य है, और वही मोबाईल नम्बर अपने बैंक खाते से लिंक होना अनिवार्य है। अर्थात तीनों में आधार कार्ड, बैंक खाता व छात्रवृत्ति फार्म में एक ही मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है। छात्रवृत्ति फार्म में आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नम्बर ही छात्र द्वारा भरा जायेगा। अर्थात तीनों में जिसकी फार्म से सम्बन्धित सही या गलत की सूचना शासन/संस्था द्वारा **MOBILE NUMBER** पर ही दी जायेगी, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्राओं की होगी । **(अति आवश्यक)**
यह भी कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतू **आनलाइन फार्म** में सभी वर्ग के छात्र/छात्रा नॉन रिफण्डेबल शुल्क की धनराशि भरेगें, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है:–

**B.Pharm 1st, 2nd, 3rd & 4th Year students = 92,200/-**

**D.Pharm 1st & 2nd Year students = 45,000/-**

**M.Pharm 1st & 2nd Year students = 94,700/-**

1. बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के प्रथम वर्ष के सभी छात्र/छात्रा अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर नये रजिस्ट्रेशन (Fresh Students) करके आवेदन हेतु **Login** करेगे। जिनके लिये आवश्यक निर्देश नोटिस बोर्ड व कालेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर उपलब्ध है।
2. साथ ही साथ यह भी सूचित किया जाता है कि **बी0फार्मा/डी0फार्मा/एम0फार्मा के द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष** के जिन छा़त्र/छात्राओं द्वारा **वर्ष 2024** में छात्रवृत्ति फार्म भरा गया हो, वे सभी छात्र/छात्रा, अपना छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म वेबसाइट **www.scholarship.up.gov.in** पर **नवीनीकरण के रजिस्ट्रेशन (Renewal)** में **वर्ष 2024** का रजिस्ट्रेशन नं0 डालकर आवेदन हेतू लॉगिन करेगें। यदि कोई गलती छात्रों द्वारा पिछले वर्ष हो गयी थी उनको दूर करके संस्था में जमा करने हेतू आवेदन फार्म जमा करेगें। कोई भी द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष का छात्र/छात्रा जिसने वर्ष 2024 में छात्रवृत्ति फार्म भरा था, वह अपना नये रजिस्ट्रेशन **(Fresh Registration)** आवेदन हेतू **लागिन नही करेगे।**
3. समस्त छात्र/छात्राओं को यह भी सूचित किया जाता है कि कॉलेज में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म के साथ जो **शपथ–पत्र/घोषणा पत्र** छात्र/छात्राओं को पूर्ण रूप से भरकर देने होगें, वह कॉलेज वेबसाइट **www.sdcopmzn.com** पर उपलब्ध है। साथ ही साथ छात्र/छात्राओं के लिये **आवश्यक निर्देश** भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। **(अति आवश्यक)**
4. **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा** के सभी वर्ग के छात्र/छात्रा द्वारा स्वंय जांचने वाले फार्म का प्रिंट निकालकर संस्था में जांच करायेगे, जिसके पश्चात संस्था में जमा कराने वाले फार्म के प्रिंट की प्रति सभी दस्तावेजो पर स्वंय हस्ताक्षर करके 03 दिन के अन्तराल में संस्था में समयानुसार जमा करेगें।

सभी दस्तावेजो का विवरण निम्न प्रकार से है, जोकि नये–पुराने सभी छात्र/छात्राओं को फार्म व दस्तावेजों पर अपने पूर्णरूप से हस्ताक्षर करके देने होगे :–

**समस्त नये–पुराने सभी जाति व वर्ष के छात्र/छात्राओं द्वारा कॉलेज में जमा करने हेतू दस्तावेज**

**सभी दस्तावेज निम्न क्रमानुसार संलग्न करे**

1. सभी छात्र/छात्राओं छात्रवृत्ति आवेदन से पहले **OTR Form Print** की प्रति।
2. छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति फार्म को कॉलेज में जमा करने हेतू **Online Form Print out** की प्रति।
3. छात्र के अभिभावक के आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति व **Online** सत्यापन की प्रति।
4. छात्र के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति व **Online** सत्यापन की प्रति। ( केवल OBC व SC के छात्रो के लिए)
5. छात्र व माता–पिता या अभिभावक के पहचान पत्र की छायाप्रति। **(आधार कार्ड की प्रति)**
6. सभी जाति के छात्र/छात्रा को 2025 की प्रथम फीस रसीद की छायाप्रति।
7. यदि छात्र/छात्रा के अभिभावक किसी सरकारी या गैर–सरकारी नौकरी पर नियुक्त है और छात्र के अभिभावक ने अपने आय प्रमाण पत्र में पेशा नौकरी भरा है, तो छात्र के अभिभावक से सम्बन्धित कार्यालय से पूर्ण वर्ष के वेतन की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें।
8. हाई स्कूल की अंकतालिका एवं पिछले शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका की छायाप्रति (जो छात्र/छात्रा द्वारा **Online**

   **Form** में भरी गयी हो)
9. बी0फार्मा, डी0फार्मा, एम0फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं द्वारा अपना एडमिशन पत्र (counselling letter)

   आवश्यकतानुसार जोकि छात्र/छात्रा द्वारा Online Form में भरा गया है की प्रति।
10. **सभी जाति व वर्ष** के छात्र/छात्राओं द्वारा देय **शपथ पत्र/घोषणा पत्र** पर फोटो सहित सादे कागज पर पूर्ण रूप से भरकर

    स्यवं हस्ताक्षर करकर दे। (सभी वर्ग व वर्ष के छात्र/छात्राओं के लिए) परिशिष्ट–च व परिशिष्ट–घ जिसको कॉलेज वेबसाइट www.sdcopmzn.com पर से प्राप्त कर सकते है।

सभी छात्र/छात्रायें उपर्युक्त सभी निर्देशों को पूर्णरूप से पढ़कर ऑनलाइन फार्म में भरकर, जिसका स्वयं जॉचने हेतू प्रिंट लेने के पश्चात संस्था में जॉच करायेंगें, जिसके पश्चात् संस्था मे जमा करने वाले फार्म के प्रिंट की प्रति, सभी दस्तावेजों पर स्वयं हस्ताक्षर करके तथा प्रमाणित कर 03 दिनों के अन्तराल में शिक्षण संस्थान में क्रमानुसार (10 बजे से 2 बजे तक) कार्यालय में अवश्य जमा करेंगे।

**नोटः– केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं के आवेदन स्वीकार किये जाऐंगे जिनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक होगी।**

<u>आवश्यक निर्देश</u>

1. **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा के <u>प्रथम वर्ष</u>** के सभी छात्र/छात्राओं के अभिभावक का नया आय प्रमाण पत्र वर्ष **<u>2025</u>** का होना चाहिए, जिसे **प्रथम वर्ष** के छात्र/छात्रा द्वारा **Online** भर कॉलेज में सत्यापित प्रिंट (**www.bor.up.nic.in**) की प्रति सहित जमा करा दें। तथा **बी0फार्मा/ डी0फार्मा/एम0फार्मा के <u>द्वितीय तृतीय व चतुर्थ वर्ष</u>** के सभी छात्र/छात्रा को अपने अभिभावक का आय प्रमाण पत्र एवं छात्र का जाति प्रमाण पत्र नया बनवाने की कोई आवश्यकता नही है,

2. **Online Form** मे सभी जाति के छात्र/छात्राओं के बैंक खाते AADHAR CARD व KYC से लिंक होने चाहिये, इसके पश्चात ही शासन द्वारा छात्रवृत्ति व शुल्कप्रतिपूर्ति छात्र/छात्राओं के खाते में हस्तान्तरित हो पायेगी। आधार कार्ड, बैंक खाता व छात्रवृत्ति फार्म में एक ही मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो इसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्राओं की होगी।

3. **Online Form** में सभी छात्र/छात्रा पाठ्यक्रम का प्रकार में <u>स्ववित्त पोषित</u> अर्थात Self Finance भरेगें व ऑनलाईन फार्म में सभी छात्र/छात्राएं दिवा छात्र भरेंगे।

4. **Online Form** मे बी0फार्मा/एम0फार्मा के सभी जाति व वर्ष के छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय का नाम **<u>Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow</u>** भरेगें।

5. ऑनलाईन फार्म में डी0फार्मा के सभी जाति के छात्र **Board of Technical Education Uttar Pradesh Lucknow** भरेंगे।

6. यदि छात्र मुस्लिम जाति का है, चाहे वह सामान्य जाति से हो, या पिछड़ी जाति से वह छात्र अपना **Online Form** अल्पसंख्यक जाति (**Minority Category**) में ही भरेगा।

7. सभी छात्र/छात्राओं द्वारा अपने अभिभावको का आय प्रमाण पत्र एवं छात्र का जाति तथा मूल निवास प्रमाण पत्र को सत्यापित **<u>www.bor.up.nic.in</u>** पर किया जाना है, जिसे छात्र/छात्राओं द्वारा सत्यापन के प्रिंट की प्रति फार्म के साथ लगायी जायेगी।

8. सभी छात्र/छात्रा **Online Form** में अपना **Mobile Number** जो आधार कार्ड से लिंक है के अनुसार लिखे, जो भी फार्म से सम्बन्धित सही या गलत की सूचना, शासन/संस्था द्वारा **Mobile Number** पर ही दी जायेगी, जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी छात्र/छात्रा की होगी। रजिस्ट्रेशन संख्या व स्वनिर्मित पासवर्ड व ई0मेल आई0 डी0 व उसका पासवर्ड पूर्ण रूप से सुरक्षित रखें।

**(निदेशक)**